>

Title : Need to impose ban on the use of J.C.B. Machines for loading sand from river Sone in district Sonbhadra, U.P. and permit manual loading.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि मैं जिस जनपद सोनभद्र से चुनकर आया हूं, वह सुरक्षित क्षेत्र है। मेरा प्रान्त बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से सटा हुआ है। वहां एक हिस्से में सिंचाई होती है और तीन हिस्से में पहाड़ी एरिया है, जहां आदिवासी, वनवासी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग बसे हुए हैं। पहले उनकी सावां, कोदों, मक्का की खेती सूख गई जिससे 80 प्रतिशत गरीब लोगों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई। सोनभद्र में वैध, अवैध रूप से रोज हजारों ट्रक बालू की लोडिंग होती है। वे गरीब आदिवासी बालू की लोडिंग करके मजदूरी पाते थे और अपने बाल-बच्चों का पालन-पोषण करते थे। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज हजारों ट्रक बालू पुकलेन नाम की मशीन द्वारा ट्रक में लादा जा रहा है। इससे वहां के गरीब लोग एकदम भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ लोग वहां से पलायन कर रहे हैं, कुछ भाग रहे हैं और कुछ भुखमरी झेल रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि तत्काल निर्देश देकर पुकलेन मशीन को बंद करवाया जाए और बालू की लोडिंग मजदूरों से करवाई जाए ताकि उन्हें भुखमरी से बचाया जा सके।